## खबर संक्षेप

### अमदरा से गुम दो नाबालिग बालिकाओं को किया गया दस्तयाब

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमदरा निरीक्षक रेनू मिश्रा व उनकी टीम द्वारा अमदरा थाना क्षेत्र से घर से निकली दो नाबालिक लड़कियों को क्रमशःग्राम सुरमा जिला कटनी एवं कुसेड़ी से सकुशल दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया।बताया गया है कि थाना अमदरा निवासी फरियादी द्वारा अपनी 16 वर्षीय लडकी के घरवालों से बिना किसी को बताये कहीं चले जाने संबंधी रिपोर्ट पर थाना अमदरा में अप.क्र.221/25 धारा 137 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल द्वारा नाबालिग लडकी की तलाश हेतु थाना प्रभारी अमदरा निरीक्षक रेनू मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम के द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए बालिका ग्राम सुरमा थाना कुठला जिला कटनी से सकुशल दस्तयाब कर बाद वैधानिक कार्यवाही उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है इसी तरह थाना अमदरा निवासी फरियादी द्वारा अपनी 17 वर्षीय लडकी के घरवालों से बिना किसी को बताये कहीं चले जाने संबंधी रिपोर्ट पर थाना अमदरा में अप.क्र.217/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी अमदरा के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए बालिका को ग्राम कुसेड़ी थाना अमदरा जिला मैहर से सकुशल दस्तयाब कर बाद वैधानिक कार्यवाही उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। इस कार्य को संपन्न कराने में थाना प्रभारी अमदरा निरीक्षक रेनू मिश्रा,स.उ.नि. रणजीत सिह,स.उ.नि.सुशील अहिरवार,प्र.आर. उपेन्द्र तिवारी,आर भागवत प्रसाद पाण्डेय,म.आर. इन्दु सिह की प्रमुख भूमिका रही।

### गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगाः महापौर

**सतना।** नगर पालिक निगम के महापौर कक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कार्यपालन यंत्री,सहायक यंत्री और कनिष्ठ यंत्री सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने बारीकी से सभी चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्ट व कड़े निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर ही पूरे होने चाहिए ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान,कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। महापौर ने सख्त लहजे में कहा कि गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी कार्य में कोई कमी पाई जाती है,तो उसे तुरंत सुधारा जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी परियोजनाएं उच्च मानकों के अनुसार हों और उनमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में चल रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता और तेजी लाना था।

### कमिश्नर ने मैहर अस्पताल का किया निरीक्षण



**मैहर।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद के द्वारा बुधवार को सिविल अस्पताल मैहर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अस्पताल भवन एवं वार्डो का निरीक्षण किया साथ ही मरीजों से बातचीत कर उपचार सेवाएं और दी जा रही सुविधाओं का फीड बैक लिया। श्री जामोद ने ओपीडी में निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित डॉक्टर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड,सीएमएचओ डॉ.एलके तिवारी प्रभारी आरएन पांडे तहसीलदार जितेंद्र पटेल भी इस दौरान उपस्थित रहे।

### पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध के आरोपी को गिरफ्तार किया

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है,जिस पर एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने और फिर शादी से इनकार कर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। आरोपी की पहचान प्रदीप पासवान उर्फ पिंटू उर्फ लाला के रूप में हुई है,जो भल्ला फार्म,नई बस्ती,सतना का निवासी है। यह मामला तब सामने आया,जब ताराबाई हरिजन नामक युवती की संदिग्ध मौत की जांच शुरू हुई।

# ड्रग विभाग की बड़ी कार्रवाईः नशे के लिए इस्तेमाल होने वाली दवाएं जब्त, कई दुकानों में हड़कंप

**रीवा संभाग में नशीले पदार्थों के बढ़ते दुरुपयोग को देखते हुए,नियंत्रक खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने बुधवार को शहर में एक बड़ी छापामारी की। इस कार्रवाई से दवा कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया।**

सतना।



बताया जाता है कि यह जांच विशेष रूप से नारकोटिक और प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए की गई थी,जिनका इस्तेमाल नशे के रूप में किया जा रहा है। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि विभाग के प्रमुख के निर्देश पर एक तीन सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया गया था,जिसमें सतना की ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चौबे,सिंगरौली के ड्रग इंस्पेक्टर बिहारी लाल अहिरवार और जबलपुर के इंस्पेक्टर सड़क जैन शामिल थे। इस टीम ने शहर के प्रमुख इलाकों,जैसे अस्पताल चौक और पुराना नगरनिगम परिसर,में स्थित आधा दर्जन से अधिक दवा दुकानों पर अचानक छापा मारा। जांच के दौरान टीम ने दुकानों में मौजूद नारकोटिक दवाओं के स्टॉक और उनके खरीद-बिक्री के दस्तावेजों की गहनता से जांच की। ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चौबे ने बताया कि यह कार्रवाई विशेष रूप से उन दवाओं पर केंद्रित है,जिनका दुरुपयोग नशे के लिए किया जा रहा है,जैसे कोरेक्स सिरप और विभिन्न प्रकार की नशीली गोलियाँ। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभी दस्तावेजों की जाँच चल रही है और इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब रीवा संभाग में नशा माफिया कोरेक्स सिरप और नशे की गोलियों की भारी मात्रा में अवैध बिक्री कर रहा है,जिससे युवा पीढ़ी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।सूत्रों के अनुसार,कुछ दुकानों से ऐसी भी दवाइयाँ जब्त की गई हैं जिन्हें बेचने पर पहले से ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है। इस छापामारी के बाद,दवा दुकानदारों में भय का माहौल है। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि विभाग नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।आने वाले दिनों में और भी कड़ी कार्रवाई की उम्मीद है ताकि नशा माफिया के नेटवर्क को पूरी तरह से ध्वस्त किया जा सके और समाज को इस गंभीर समस्या से बचाया जा सके।

## मैहर में कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग
## भू-माफियाओं पर नकेल कसने की मांग



मैहर।

जब मैहर जिला बना है तब भूमाफियों की नजर शासकीय जमीनों की बिक्री करने के साथ ही अवैध रूप से कृषि भूमि को प्लाटिंग कर बिक्री जा रही है।ऐसा ही एक मामला चर्चित हो रहा है जिसमें बताया जा रहा है कि लखवार प्राथमिक स्कूल के पास जहां लगभग 4 एकड़ में बिना विभागीय अनुमति तथा सक्षम प्राधिकरण के लाइसेंस के कृषि भूमि को कम दामों में एग्रीमेंट कराकर गिट्टी की सड़क बनाकर अवैध प्लॉटिंग कर दी गयी है और विकास के सपने दिखाकर भोली भाली जनता को अनाप शनाप दामों में अवैध प्लाट बेचे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उक्त प्लाटिंग में न तो मापदंड के अनुरूप चौड़ी सड़कें हैं,न ही नालियां,न पार्क,न मंदिर,न ही बिजली के खंभे। ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित प्लॉट भी मौजूद नहीं है। सभी नियमों को ताक पर रखकर सिर्फ नोट कमाने का काम किया जा रहा है।

### सरकारी नियमों की अनदेखी

इस जगह पर भूस्वामी ने कॉलोनाइजर अधिनियम एवं भूमि विकास अधिनियम 1984 के नियम का पूर्णतः उल्लघंन किया है। साथ ही साथ करोड़ों की अवैध कमाई की जा रही है। इस तरह का कृत्य भू-संपदा अधिनियम 2016 रेरा का उल्लघंन भी है। नियमानुसार एक खसरा नंबर को तीन से अधिक टुकड़ों में बांटना अवैध प्लाटिंग के दायरे में आता है। 3 टुकड़ों से अधिक विभक्त होने पर रेरा में पंजीयन कराना आवश्यक है ऐसा नियम बनाया गया है।लेकिन पटवारी की मिलीभगत से अवैध कार्य किया जा रहा है। उक्त मामले को लेकर लोगों में चर्चा का विषया बना हुआ है।

## मझगवां में सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल





सतना।

मझगवां थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। हिरौंदी-कैलाशपुर मार्ग पर बड़े देव बाबा आश्रम के पास दो मोटरसाइकिलें आपस में टकरा गईं। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मझगवां थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया,जहां उनका इलाज चल रहा है।मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि एक मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। घायलों में से कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है,लेकिन शुरुआती जांच में तेज रफ्तार को इसका कारण माना जा रहा है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घायलों के बयान लेने का इंतजार कर रही है ताकि घटना की सही जानकारी मिल सके। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## एकेएस विश्वविद्यालय में धूमधाम से आयोजित हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता

सतना।




एकेएस विश्वविद्यालय का खेल मैदान मंगलवार को जन्माष्टमी पर्व की धूम और उल्लास से गूंज उठा,जब यहाँ मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत करने वाले इस आयोजन ने विश्वविद्यालय परिवार को एक साथ बांध दिया और विद्यार्थियों व शिक्षकों,दोनों को समान रूप से सहभागिता का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंच पर विराजित लड्डू गोपाल तथा राधा-कृष्ण की भूमिका निभा रहे बच्चों की पूजा-अर्चना से हुई। यह पूजन समारोह विश्वविद्यालय के चांसलर बी.पी.सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती केशकली सोनी , प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी,आई.क्यू.ए.सी निदेशक प्रो.जी.सी.मिश्रा,श्रीमती साधना सोनी तथा वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा संपन्न किया गया। इस पावन आरंभ ने पूरे कार्यक्रम को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। आयोजन का संचालन यूनिवर्सिटी कैंपस डेवलपमेंट सेल द्वारा किया गया,जबकि सांस्कृतिक विभाग के छात्रों और सदस्यों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। प्रतियोगिता में इस बार कुल आठ बालक टीमों और एक बालिका टीम ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने मात्र दो दिनों की तैयारी में अपने-अपने मेंटर्स के मार्गदर्शन में गहन अभ्यास किया और प्रतियोगिता को अत्यंत चुनौतीपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने तीन मंजिला पिरामिड बनाकर कुछ ही क्षणों में मटकी फोड़ दी,जिससे उपस्थित दर्शक तालियों और उत्साह से गूंज उठे। परिणामस्वरूप,प्रथम स्थान प्राप्त टीम को 2100, द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को 1600 और तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 1100 की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। वहीं बालिका टीम की सराहना करते हुए उन्हें 1100 की प्रोत्साहन राशि भेंट की गई। केवल छात्र ही नहीं,बल्कि फैकल्टी सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक इस प्रतियोगिता में भाग लिया और मटकी फोड़ने का प्रयास किया। शिक्षकों की इस सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी रोचक और प्रेरणादायी बना दिया। समापन के अवसर पर राधा-कृष्ण की झांकी से प्रतीकात्मक मटकी फोड़ का आयोजन हुआ,जिसने पूरे समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम के संचालन और निष्पक्षता सुनिश्चित करने में मृत्युंजय पांडे और गणेश गुप्ता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। अंत में यूसीडीसी समन्वयक श्रीमती प्रियंका बागरी ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले खेल विभाग,आयोजन समिति, फैकल्टी सदस्यों, विद्यार्थियों, डिज़ाइनिंग विभाग और सहायक स्टाफ को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता न होकर विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक धरोहर, सामूहिकता और उत्सवधर्मिता का जीवंत प्रतीक बना, जिसने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों के मन पर अमिट छाप छोड़ी।

## नई एसडीएम ने संभाला कार्यभार, मां शारदा मंदिर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**मैहर।** नवपदस्थ एसडीएम प्रशासक सुश्री दिव्या पटेल ने कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली बैठक मां शारदा देवी प्रबंध समिति के साथ की। इस दौरान उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और सभी संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली।



### मुख्य दिशा-निर्देश और प्राथमिकताएं

श्रद्धालु सुविधाओं पर जोरः सुश्री पटेल ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा और स्वच्छता को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मां शारदा धाम देश भर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है,इसलिए यहां की व्यवस्थाओं को और अधिक सुगम बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रशासक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करें और समय-समय पर उनकी समीक्षा भी करें। बैठक में प्रबंध समिति के सदस्य सचिन मिश्रा,शैलेंद्र सिंह,सीबी पटेल,और विजय गंगवानी सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद थे।

## प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने जबलपुर में नई टोलिंग यूनिट का शुभारंभ किया

**सतना।** भवन निर्माण सामग्री कंपनी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने आज मेसर्स जबलपुर सीमेंट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड (जेसीआईपीएल) जोगीढाना से सीमेंट आपूर्ति का उद्घाटन किया। यह टोलिंग इकाई प्रिज्म सीमेंट की गुणवत्ता और विशिष्टताओं के अनुसार सीमेंट का निर्माण और आपूर्ति करेगी। यह इकाई मध्य प्रदेश के एक प्रमुख औद्योगिक और आवासीय क्षेत्र,जबलपुर क्षेत्र में बाजार की मांग को पूरा करने की कंपनी की रणनीति का हिस्सा है। उद्घाटन के अवसर पर,मैनेजिंग डायरेक्टर विजय अग्रवाल,एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राकेश जैन और चीफ मार्केटिंग आफीसर परागजैन की उपस्थिति में पहले ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जोनल सेल्स हेड हितेंद्र मिश्रा और मार्केटिंग टीम सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। टोलिंग यूनिट शुभारंभ के अवसर पर संबोधित करते हुये मैनेजिंग डायरेक्टर विजय अग्रवाल ने कहा,कि इस टोलिंग यूनिट का शुभारंभ हमारे विस्तार और विकास की रणनीति का हिस्सा है। यह टोलिंग यूनिट हमें क्षेत्रीय ग्राहकों को तेज,कुशल और विश्वसनीय सेवा प्रदान करने में सक्षम बनायेगी। हमारा उद्देश्य सिर्फ व्यापार का विस्तार नहीं बल्कि उस क्षेत्र के समग्र विकास का भागीदार बनना है जहाँ ग्राहकों और डीलरों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो सके। इसी अवसर पर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राकेश जैन ने कंपनी की भविष्य की योजनाओं,व्यापार रणनीतियों और स्थानीय सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को साझा करते हुये कहा,कि यह यूनिट हमारी आपूर्ति श्रृंखला को सक्षम बनाएगी और मध्य प्रदेश के निर्माण क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगी। हमारी प्राथमिकता ग्राहकों को बेहतर सेवा और विश्वसनीय उत्पाद उपलब्ध कराना है। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम जनसंपर्क एंड सीएसआर देवेंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं डीलरों ने कंपनी की इस नई पहल का स्वागत किया और इसे क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होने आगे बताया कि प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड एक बिल्डिंग मटेरियल कंपनी है जो सीमेंट,रेडी-मिक्स कंक्रीट और टाइल्स के उत्पादन में विशेषज्ञता रखती है। कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी गण सीएचआरओ प्रवीर कुमार रे,तकनीकी हेड जितेंद्र खंडेलवाल,लॉजिस्टिक हेड अखिल मेहरा, जोनल तकनीकी मैनेजर अक्षुण राज,रीजनल सेल्स मैनेजर सुजीत यादव,बद्री पांडेय,ब्रांच सेल्स हेड उमेश गुप्ता एवं अंकित सिंह,ब्रांच तकनीकी हेड अक्षय गजभिये तथा रीजनल मार्केटिंग टीम की उपस्थिति रही।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



सतना।

भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर आज जिला कांग्रेस कमेटी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सतना में संतोषी माता चौक स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता बताया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाह (डब्बू), शहर कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ़ इक़बाल सिद्दीकी,और कांग्रेस कमेटी (शहर एवं ग्रामीण) के कई पदाधिकारी मौजूद थे। श्रद्धांजलि सभा के बाद सेवा संकल्प दिवस के रूप में मरीजों को फल और भोजन भी वितरित किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में संचार क्रांति लाकर सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को एक नई पहचान दी। उनके प्रयासों से देश में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया गया,जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति मिली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे,जिनमें पूर्व मंत्री सईद अहमद,मकसूद अहमद,दिलीप मिश्रा,दिलीप जैन,पीयूष पटनहा,सतेंद्र निगम,संजू अग्रवाल,लल्लूलाल सतनामी,देवराज बागरी,डा. पी.डी.पटेल,रमेश दुर्वेदी, आशुतोष सिंह,तिलक राज सोनी आदि शामिल थे।

HINDUJA HOUSING FINANCE

**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के विजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

**सरफेसी अधिनियम 2002 की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियन 3(1) उक्त नियम के सहपठित सेक्शन 13(2) ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) के तहत उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत अधिकारियों के पालन में एचएचएफएल के प्रा.अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की थी जिसमें देनदारियों / गारंटरों को उक्त से संबंधित उन्हें जारी नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था, देनदारों व गारंटरों को पुनः देनदारों व गारंटरों को इस नोटिस तिथि से 60 दिनों से निम्न राशि चुकाने को कहा जाता है, देनदार व गारंटर, देय राशि व लोन राशि के भुगतान हेतु प्रस्तुत सिक्योरिटी राशि के विवरण निम्न है -

| उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| MP/JBR/REWA/A000000628 श्री बी.ई.डी. प्रकाश दुबे श्रीमती संध्या द्विवेदी | 08-08-2025 Rs. 12,38,393/- | वार्ड क्रमांक 10, अनंतपुर, तहसील हुजूर, श्री जी वृंदावन कॉलोनी के पीछे, सर्वे क्रमांक 1427/1 ग्राम मौजा अनंतपुर जंक्शन क्रमांक 28 पटवारी हल्का 24 बोड़ा सर्किल रीवा गिर्द ब्लॉक रीवा तहसील, शहरी रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486001 कुल क्षेत्रफल 1680 वर्ग फुट। संपत्ति की सीमा - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की भूमि |
| MP/JBR/REWA/A000000486 श्री भगवती प्रसाद वर्मा श्रीमती संगीता देवी सेन | 08-08-2025 Rs 11,33,087/- | मौजा ग्राम दगडैया पीएच दगडैया तहसील जवा जिला रीवा खसरा नंबर 425/4, शहरी, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486223 कुल क्षेत्रफल 1080 वर्गफुट। संपत्ति की सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - शिव प्रसाद की भूमि, उत्तर - तुंजलाल गुप्ता का भूखंड, दक्षिण - लाल जी की भूमि |
| MP/JBR/REWA/A000000736 श्री पंकज कुमार गुप्ता श्रीमती नीलम गुप्ता | 08-08-2025 Rs. 9,30,652/- | ग्राम कोटर कला पटवारी हल्का नं 71 आरएनएम सीधी गिर्द तहसील गोपद बनास जिला सीधी सर्वे नं 728/1, शहरी सीधी, मध्य प्रदेश, भारत - 486661 कुल क्षेत्रफल 400 वर्ग फुट संपत्ति की सीमाएं - पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - गंगा तिवारी और बजनाथ गुप्ता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की शेष भूमि |
| MP/JBR/REWA/A00000051 श्री तरुण कुमार तिवारी श्रीमती शकुंतला तिवारी श्री भागीरथी तिवारी | 08-08-2025 Rs. 20,93,118/- | वार्ड नंबर 4, सरकारी स्कूल के पीछे मौजा ग्राम रामनई पीएच रामनई तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा खसरा नंबर 192/1/1, शहरी रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486114 कुल क्षेत्रफल 3021 वर्गफुट संपत्ति की सीमाएं - पूर्व - विपुल पांडे का प्लॉट, पश्चिम - खाली भूमि, उत्तर - 20 फीट प्रस्तावित सड़क, दक्षिण - सुशीला चतुर्वेदी की भूमि |

यदि उक्त देनदार / गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार / गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड, 101-बी, प्रथम तल एन आर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 एवं मोबाईल नं. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 8435571111, Sameer Singh-958420575, Pushpendra Tomar - 99938 22666

दिनांक - 21/08/2025 प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दुजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### शाहनगर मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में होगी सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी

**शाहनगर।** नेशनल कॉपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन भोपाल के तत्वाधान में संचालित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला शाहनगर में रात्रि के समय कुछ अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर कंप्यूटर सिस्टम चुरा लिया जिसकी सूचना मिलते ही सोशल एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट के संचालक करन सिंह यादव के द्वारा थाने में सूचना दी गई। मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में सॉइल लैब टेस्टिंग कर्मचारी बबलू यादव ने बताया की मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में यह चोरी की तीसरी वारदात है रात्रि में कुछ असामाजिक तत्व यहां बैठकर शराब इत्यादि का सेवन करते हैं जिनके द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया होगा विगत 5 माह पूर्व ही कार्य प्रारंभ किया गया है इसलिए भविष्य में ऐसी घटना फिर न हो इसलिए कैमरों की व्यवस्था करवाई जा रही है। मृदा परीक्षण केंद्र में मिट्टी की जांच करवाने में 300 रूपए शुल्क का भुगतान कर मिट्टी की गुणवत्ता और उसकी कमियों की जानकारी ज्ञात की जा सकती है जिससे उसका उपचार कर किसानों की समस्या का समाधान होगा।

### पति और ससुराल वालों की प्रताड़ना पर शिवानी ने थाने में दिया शिकायती आवेदन

**अमानगंज।** फरियादी शिवानी नामदेव पिता चुन्नी लाल नामदेव निवासी द्वारी को ससुराल पक्ष के द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ित करने के संबंध में कार्यवाही करने आरोपीगण ओमप्रकाश नामदेव पिता रमेश चन्द्र नामदेव (पति) ,रमेश चन्द्र नामदेव पिता (नाम पता नही) (ससुर), पुष्पा नामदेव पति रमेश चन्द्र नामदेव (सास),श्रीमती चेतना नामदेव पति कमलेश नामदेव (ननद), रोहित नामदेव पिता रमेश चन्द्र नामदेव (देवर) सभी निवासी यशोदानगर कामठी, नागपुर महाराष्ट् आवेदिका श्रीमती शिवानी नामदेव पिता चुन्नी लाल नामदेव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम द्वारी थाना अमानगंज जिला पन्ना ने थाना अमानगंज में आवेदन दिया कि मेरी शादी हिन्दू रीति रिवाज अनुसार दिनांक 18 फरवरी 2022 को पिता द्वारा अपने रिश्तेदारों व व्यौहारियों की उपस्थिति में ओमप्रकाश नामदेव निवासी यशोदानगर कामठी नागपुर, महाराष्ट्र के साथ सिद्धि विनायक. वाटिका अमानगंज से सम्पन्न हुई थी। शादी में मेरे पिता के द्वारा यथा सामर्थ दहेज दिया था, जिसमें एक तोला सोने की चौन, आंधा तोला अंगूठी, नगद एक लाख पचास हजार रूपये, घर गृहस्थी का सामान जिसमें पलंग, सोफा, आलमारी, फिज, कूलर, टी.व्ही., वाशिंग मशीन, ड्रेसिंग, मिक्सर व बर्तन जिसकी कीमत अनुमानित दो लाख रूपये है। यह कि शादी उपरांत आवेदिका जब ससुराल गई तो अल्प समय दामपत्य जीवन ठीक रहा वाकी कुछ दिनों बाद पति शराब के नशे में आकर आवेदिका को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। जिसकी शिकायत मैने ससुराल पक्ष के परिजनों से की जिसमें उन्होने पति को हिदायत देने के बजाय बढ़ावा दिया और कहा गया कि ओमप्रकार जो कर रहा है ठीक कर रहा है आवेदिका उपरोक्त प्रताड़ना के बावजूद सब कुछ सहन करती रही कि शायद पति व ससुराल वालों में सुधार आ जायें, किन्तु बह लोगो में कोई भी सुधार नही आया पति व आरोपी ससुराल के परिजनों द्वारा कहा जाता है कि तु अपने मायके से पैसा मंगा यहाँ तेरे बाप का नही चाहते। जा घर से अपने पिता से पैसा मांग नही तो तुझे जान से मार देगें। मेरे द्वारा अपने पिता को पैसा न देने संबंधी सामर्थ को बताने पर पति ने मेरे साथ गंभीर मारपीट की, जिसकी सूचना मुझग आवेदिका ने दूरभाष के द्वारा अपने पिता चुन्नीलाल नामदेव निवासी द्वारी को दी, सूचना अनुसार मेरे पिता मुझे ससुराल से लिवाकर अपने घर अर्थात मायके द्वारी आ गये है। आवेदिका तभी से अपने मायके द्वारी में हूँ. बीच-बीस में फोन के द्वारा भी आरोपीगण से धमकी मिल रही है।

### ससुराल आए दामाद का पेड़ से लटका मिला शव

**तेजगढ़।** जिले के तेजगढ़ थाने के ग्राम पटेरिया में ससुराल आए दामाद का शव मंगलवार सुबह पेड़ से लटका मिला। पुलिस को जानकारी लगने पर शव को नीचे उतारकर मृतक के परिजनों को सूचना दी और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक घर से बिना बताए ससुराल आया था। परिजनों को जानकारी लगी तो वह भी हैरान रह गए। उन्होंने बेटे के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। मृतक युवक की पहचान सुखचैन पिता राजेश लगभग 30 वर्ष आदिवासी निवासी तारादही के रूप में हुई। मृतक के पिता और चाचा, चाची के साथ अन्य लोग भी तेंदूखेड़ा पहुंचे। जिनकी मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई की गई। मृतक के पिता राजेश आदिवासी ने बताया वह तारादेही थाने के मझगुवा गांव के निवासी हैं। मेरे पुत्र की शादी चार माह पहले तेजगढ़ थाना के पटेरिया गांव में भूपत आदीवासी की बेटी के साथ हुई थी।







#### बिचौलियों का बचाव कर रहे पन्ना डीएमओ

# हिनौती खाद्य गोदाम में दलालों का अड्डा

**अधिक दामों पर बेची जा रही खाद किसानों के जेब पर डाला जा रहा ढाका अंधा बांटे रेबड़ी और चीन चीन की दे की तर्ज पर संचालित अमानगंज खाद्य गोदाम**

जिले के अमानगंज तहसील अंतर्गत आने वाली अमानगंज खाद गोदाम में भर्रे साही का आलम देखने को मिल रहा है जिससे किसान परेशान है किसानों से दलालों के द्वारा खाद दिलाने के नाम पर अधिक रुपए ऐंठे जा रहे हैं

पन्ना

ताजा मामला जो सामने निकल कर आया है उसमें 1250 रुपए की डीएपी खाद की बोरी 1300 रूपए में गोदाम में पदस्थ लोग बेचते नजर आए दरअसल ऑपरेटर एवं सहायक द्वारा खादगोदाम पर किसानों से अधिक दामों में खाद बेची जा रही है वहीं दूसरी ओर खाद गोदाम प्रभारी द्वारा अमानगंज की बाजाय गुनौर में रहकर खाद वितरित की जा रही है हम आपको बता दें कि खाद गोदाम के प्रभारी को दो-दो जगह का प्रभार दिया गया है जिससे दलालों के सहारे यह खाद गोदाम अमानगंज संचालित हो रही डीएपी व यूरीया खाद में किसानों से एमआरपी से अधिक दामों पर रुपए लिए जा रहे हैं जिससे किसान खासे परेशान है। गोदाम प्रभारी पटेल का कहना है कि डीएपी खाद की बोरी में पैसे ज्यादा लिए गए हैं मगर जानकारी लगने के बाद तुरंत किसानों के पैसे वापस कर दिए गए हैं। वहीं डीएपी खाद की बोरी 1300 रुपए देने की बात को लेकर जब डीएमओ से बात की गई तो उन्होंने मामले से पल्ला झाड़ कर पल्लेदारों की गलती बताई है हालांकि इस पूरे मामले को लेकर पन्ना डीएमओ धृतराष्ट्र बनकर आंखों में पट्टी बंधी बैठे हैं और दलालों एवं कर्मचारियों का बचाव कर रहे हैं।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है यूरिया खाद

**पन्ना।** जिला विपणन अधिकारी एस.एल. ध्रुव ने जानकारी दी कि यूरिया के लिए किसान भाईयों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। पन्ना जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध है तथा खरीफ सीजन के लिए सुचारू रूप से वितरण केन्द्रों से यूरिया की बोरी का वितरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। वर्तमान में जिले में सहकारिता विभाग में विभिन्न सहकारी समितियों के पास 1261 मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र में 346 मीट्रिक टन अर्थात कुल 1607 मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध है। इसके अलावा सतना एवं झुकेही रैक से भी 670 मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध हो रही है, जिससे निरंतर इसकी आपूर्ति बनी रहेगी। डीएमओ ने बताया कि गत वर्ष 31 अगस्त तक वितरित यूरिया के विरूद्ध इस वर्ष अब तक पिछले वर्ष से अधिक मात्रा में यूरिया का किसानों को वितरण किया गया है। टोकन व्यवस्था के जरिए सुलभ तरीके से यूरिया का वितरण किया जा रहा है। किसानों से रकबे की पुष्टि के दस्तावेज, ऋण पुस्तिका और आधार कार्ड के सत्यापन उपरांत जिले के सभी वितरण केन्द्रों से यूरिया वितरित की जा रही है। जिला विपणन अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में किसानों के लिए 9 नकद विक्रय केन्द्र स्थापित हैं। जिले की समितियों में भी यूरिया खाद उपलब्ध है। कृषक नजदीकी सहकारी समिति अथवा नकद विक्रय केन्द्र से खाद प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार पीओएस मशीन के माध्यम से शासन के निर्धारित दर अनुसार खाद का वितरण कराया जा रहा है। अब तक सहकारिता विभाग से वितरण के लिए प्राप्त 9 हजार 989 मीट्रिक टन के विरूद्ध 9 हजार 857 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया जा चुका है। खाद वितरण व्यवस्था में राजस्व एवं पुलिस का भी पूर्व निगरानी एवं सहयोग लिया जा रहा है।

## थाना प्रभारी रामआसरे सोनकर ने जन्माष्टमी पर बच्चों का बढ़ाया उत्साह

**वर्धमान पब्लिक स्कूल परिवार ने पुलिस अधीक्षक व एएसपी से भी आगामी कार्यक्रमों में उपस्थिति की अपेक्षा जताई**



देवेंद्रनगर।

वर्धमान पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव बड़े ही उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर देवेंद्रनगर थाना प्रभारी आदरणीय रामआसरे सोनकर जी ने अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकालकर विद्यालय पहुँचे और बच्चों के राधा-कृष्ण रूप का अवलोकन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। थाना प्रभारी महोदय ने सभी बच्चों को शिक्षा से संबंधित उपहार भेंट किए, जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी झलक उठी और पूरे विद्यालय परिवार का दिन खुशनुमा बन गया। वर्धमान परिवार ने उनके इस स्नेहपूर्ण सहयोग और संवेदनशीलता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ ने इस अवसर पर देवेंद्रनगर के पुलिस अधीक्षक महोदय तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया से भी विनम्र आग्रह किया कि भविष्य में प्रस्तावित शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर बच्चों का मनोबल बढ़ाएँ। वर्धमान पब्लिक स्कूल परिवार को पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में भी पुलिस प्रशासन का यह सहयोग बच्चों को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करेगा।

#### डाडेकावारा में हुआ आदर्श ग्राम सभा का आयोजन

## अजयगढ़ में हुआ चरणबद्ध ग्राम सभाओं का आयोजन

पन्ना।

अजयगढ जनपद पंचायत अन्तर्गत स्वयंसेवी संस्था समर्थन ने ग्राम सभाओ का मजबूत करने एवं जनता की भागीदारी बढ़ाने के लिये लगातार प्रयास कर रहा है। गांव को थिमेटिक विकास के प्रति जागरूक करने एवं विकास सूचकांक को प्राप्त करने का रास्ता ग्राम पंचायत विकास योजना से निलेगा जानकारी प्रदान की जा रही है। अजयगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश सिंह नागवंशी के मार्गदर्शन में ग्राम सभाओ का आयोजन किया गया। महिला हितैषी बने ग्राम पंचायत एवं गांव कृ ग्राम डांडेकावारा में आज ग्राम सभा की अध्यक्षता पंच फूलावाई ने किया एवं महिला हितैषी बनाने गांव के सार्वजनिक शौचालय ,स्कूल एवं आंगनवाड़ी को सुधारने की वात कही। नहानी के लिये महिलाओ ने कहा की हम खुले में नहाते है हैन्डपम्प के पास नहानी बने तो अच्छा रहेगा। सचिव विहारी लाल पटेल ने ग्राम सभा के पूर्व का पालन प्रतिवेदन एवं नये मुददो को जोंड़कर ग्राम सभा के सदस्यो को सुनाया। पेशन,राशन, आधार कार्ड सहित साफ-सफाई के मुददे भी शामिल किये गये। ग्राम सभा में समर्थन से राजकुमार मिश्रा ने सहजकर्ता की भूतमका एवं आदर्श ग्राम सभा के उदाहरण दिये। ग्राम सभा में सरपंच प्रतिनिधि गोलू सहित ग्राम के लोग शामिल रहे। आदर्श ग्राम सभा गुरूदीनपुरवा में की गई जिसमें सरपंच महेन्द्र दीक्षित एवं हरीगुप्ता सहित पंचायत मित्र सोनू खरे एवं विजय अहिरवार रहे।




## जिला प्रशासन द्वारा श्री जुगल किशोर मंदिर में सुलभ दर्शन व्यवस्था के लिए कराई गई थी मंदिर हॉल में बेरीकेड्स की अस्थाई व्यवस्था



पन्ना।

पन्ना शहर के श्री जुगल किशोर मंदिर में जन्माष्टमी पर्व पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं अन्य निर्धारित कार्यक्रमों के दौरान सुचारू व्यवस्थाओं के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर में बेरीकेट्स लगवाने की व्यवस्था की गई थी। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में विभिन्न आयोजनों के सफलतापूर्वक संचालन के लिए गत एक अगस्त को धार्मिक उत्सवों के आयोजन के संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न बैठक में इसका निर्णय लिया गया था। उक्त बैठक में मंदिर समिति के सदस्य एवं पदाधिकारियों से प्राप्त सुझाव के आधार पर सुलभ दर्शन व्यवस्था एवं सुरक्षा के उद्देश्य से स्टील बैरिकेड्स लगाने सहित पर्व आयोजन के लिए मंदिरों को निर्धारित राशि की स्वीकृति, श्रद्धालुओं हेतु भण्डारा प्रसाद के लिए नियत राशि तय करने, साफ-सफाई, लाइव टेलीकास्ट के जरिए जन्मोत्सव देखने की व्यवस्था, पुलिस एवं यातायात प्रबंध, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था, नकद दान की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने और मेडिकल टीम की तैनाती इत्यादि के संबंध में सहमति बनी थी, जिसके तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दायित्व सौंपकर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व शाखा द्वारा अवगत कराया गया है कि कतिपय समाचार पत्रों में बैरिकेड से अव्यवस्थाओं के संबंध में प्रकाशित खबर तथ्यपरक नहीं है एवं न ही जुगल किशोर मंदिर दर्शन की पुरानी परंपरा समाप्त हुई है। इस अस्थायी व्यवस्था के प्रति किसी नागरिक या श्रद्धालु द्वारा भी कोई आपत्ति अथवा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। कतिपय व्यक्तियों द्वारा राजनीति से प्रेरित होकर मिथ्या तथ्य बताकर श्रद्धालुओं को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है। उक्त मंदिर के हॉल में अस्थाई रूप से लगवाई गई बेरीकेटिंग निकलवा दी गई है।

## पन्ना पुलिस द्वारा 6 घंटे के अंदर नाबालिक बालक को अतर्रा जिला बांदा उत्तर प्रदेश से किया गया सकुशल दस्तयाब



पन्ना।

थाना अजयगढ़ क्षेत्रांतर्गत बीरा चौकी क्षेत्र से एक नाबालिक बालक के अचानक लापता होने की सूचना थाना अजयगढ़ पुलिस को प्राप्त हुई। इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट बालक के परिजन द्वारा दिनांक 19 अगस्त 2025 को दर्ज कराई गई थी। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में मामले मे अपहरण का अपराध दर्ज कर एक विशेष टीम का गठन कर त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर गहन खोजबीन और लगातार प्रयास किए गए। इसी दौरान चौकी प्रभारी बीरा उनि रवि सिंह जादौन को सूचना प्राप्त हुई कि गुमशुदा बालक को अतर्रा रेलवे स्टेशन के पास देखा गया है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दिनांक 19 अगस्त 2025 को बालक को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करने उपरांत बालक को बालगृह पन्ना में सुरक्षित रखा गया। यह कार्रवाई पन्ना पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता एवं शीघ्र कार्रवाई का परिणाम है, जिसके चलते नाबालिक बालक को मात्र 06 घंटे के भीतर सकुशल बरामद किया जा सका।

## भारतीय किसान संघ की जिला बैठक संपन्न, किसानों की विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा



**अमानगंज।** भारतीय किसान संघ महाकौषल प्रान्त जिला पन्ना की जिला की मासिक बैठक तय तारीख समय पर बड़े हनुमान जी मंदिर अमानगंज में रखी गई। बैठक में आगामी कार्यक्रम के विषय पर चर्चा की जिसमें जिला किसान संघ ने 100 गाँव में एक हजार बृक्षारोपण करने का लक्ष्य लिया एवं आगामी समय में तहसील में तय अभ्यास वर्ग पर चर्चा की गई। साथ ही खाद बीज की समस्या को लेकर किसानो से चर्चा हुई। तथा जिला कलेक्टर से फिर मुद्दों को लेकर मुलाकात करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष रामकृपाल पटेल, जिला मंत्री लोकेन्द्र सिंह बुन्देला, जिला उपध्यक्ष निरपत सिंह, यूथ अध्यक्ष मुकेश पाठक, तहसील अध्यक्ष इंद्रजीत पटेल, परसोत्तम पटेल, मुन्ना पटेल, मुंसी पटेल, छोटे लाल, छोटू गर्ग, अवधेश महराज बैठक में मौजूद रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस अमानगंज ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जन्म जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई

अमानगंज



आज दिनांक 20 अगस्त 2025 को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष अनीश खान जी के दिशा निर्देशन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज अध्यक्ष भभूत सिंह राजपूत की अध्यक्षता में ब्लॉक मुख्यालय अमानगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत। राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं कांग्रेस जन प्रतिनिधियों ने तिलक रोरी लगाकर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर सादर नमन कर स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की जन्म जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमानगंज भभूत सिंह राजपूत ने उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राजीव गांधी जी संचार प्रौद्योगिकी क्रांति के जनक महिलाओं को आरक्षण देश के युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री एवं देश के युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में वोट मतदान करने का अधिकार देना एवं पंचायती राज्य के रास्ते राष्ट्रपिता पूज्य महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को पूर्ण करने वाले स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी ने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए जनहित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की जन्म जयंती के पावन पर पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाई उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कांग्रेस जनप्रतिनिधियो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में जाकर डॉक्टर जयपाल अहिरवार जी की उपस्थिति में मरीजों को फल वितरित किए गए।

## खबर संक्षेप

### आज से प्रारंभ होगी एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग

**दमोह।** जिले के विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एमपी पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा की निःशुल्क तैयारी हेतु विशेष कोचिंग कक्षाएं 21 अगस्त से आदर्श महाविद्यालय में प्रारंभ की जा रही हैं। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्रोफेसर डॉ. रश्मि जेता ने बताया चयनित विद्यार्थियों के लिए यह कक्षाएं प्रतिदिन दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आदर्श महाविद्यालय तक आने-जाने हेतु वाहन की व्यवस्था की गई है, जो दोपहर 2:45 बजे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से प्रस्थान करेगा तथा शाम 5:15 बजे आदर्श महाविद्यालय से वापस लौटेगा। प्रोफेसर डॉ. जेता ने बताया प्रत्येक सप्ताह गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को विषय-विशेषज्ञों द्वारा कक्षाएं ली जाएंगी। एक दिन में निर्धारित तीन कक्षाएं ली जाएंगी।

### आयरन की गोली अत्यंत आवश्यक-कलेक्टर

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलाई एवं शासकीय हाई स्कूल हिरदेपुर पहुँचे। इस दौरान उन्होंने स्वयं छात्रों के साथ आयरन की गोली खाई एवं बच्चों को प्रति सप्ताह नियमित रूप से आयरन की गोली सेवन करने के लिये प्रेरित किया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा बच्चों में खून की कमी को दूर करने तथा एनीमिया से बचाव के लिए आयरन की गोली अत्यंत आवश्यक है।

### नोहटा में खेल मैदान निर्माण में गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल

**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से खेल मैदान का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य को लेकर कुछ आरोप लगाए गए हैं जिसमें कहा गया है कि निर्माण एजेंसी द्वारा घटिया और गुणवत्ता हीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। आरोपों के अनुसार, निर्माण में घटिया पलुआ रेत का उपयोग किया जा रहा है जो स्थानीय नदी से प्राप्त की जा रही है। इसके अलावा सीमेंट और रेत का अनुपात भी सही नहीं होने का आरोप लगाया गया है। बनवासी विकास परिषद महाकौशल प्रांत के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट उम्मेद सिंह लोधी ने इस मामले में जिम्मेदार विभागीय कर्मचारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जो घटिया निर्माण कार्य हो चुका है उसे गिराकर अच्छी सामग्री का उपयोग कर पुनः निर्माण कराया जाना चाहिए।

### मुहम्मद सामी जश्ने ईद मिलादुन्नवी कमेटी के सदर

**हिण्डोरिया।** इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलेय वसल्लम की यौमे पैदाइश की खुशी में पूरे विश्व मे मनाया जाने वाला पर्व जश्ने ईद मिलादुन्नबी नगर हिण्डोरिया मे आगामी 5 सितंबर 2025 को अजीम- ओ- शान- ओ- शौकत के साथ हमेशा की तरह आपसी सद्भाव पूर्ण माहौल मे परंपरागत ढंग से मनाया जायेगा। उक्त पर्व के व्यवस्थित संचालन एवं प्रबन्धन हेतु स्थानीय खानकाह नूरी-फरीदी मे नगर के मुस्लिम भाईयों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुहम्मद सामी उर्फ शमीम खान को सर्व सहमति से जश्ने ईद मीलादुन्नबी सल्लल्लाहो अलैय वसल्लम इंतजामियां कमेटी का सदर बनाया गया। नायब सदर नसीम पठान, साजिद खान, मुबारिक राजा, सचिव- सह सचिव मुजाहिद, उवैश खान, दानिश चौहान, अब्बू भाई को बनाया गया।

## कुत्तों को बचाने के प्रयास में पलटा सब्जी से भरा पिकअप वाहन, महिला व चालक घायल

**महोबा चौराहा क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सब्जी से लदा पिकअप वाहन अचानक पलट गया**

**नौगांव।** नगर के महोबा चौराहा क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सब्जी से लदा पिकअप वाहन अचानक पलट गया। हादसा उस समय हुआ जब चालक ने सड़क पर अचानक दौड़कर आए कुत्तों को बचाने का प्रयास किया। वाहन पलटने से उसकी चपेट में आई महिला और चालक दोनों मामूली रूप से घायल हो गए।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार बुधवार सुबह 6 बजे के लगभग अजनर से प्याज लेकर नौगांव की ओर आ रहा पिकअप वाहन यू पी 95 ए टी 2087 जैसे ही नगर के महोबा चौराहा पहुंचा, तभी अचानक कुछ आवारा कुत्ते वाहन के सामने सड़क पर आ गए। हादसे से बचने के लिए चालक अजय ने तुरंत वाहन मोड़ने की कोशिश की, लेकिन संतुलन बिगड़ने से वाहन बीच सड़क पर पलट गया।

हादसे की सूचना मिलते ही 100 डायल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से वाहन को सीधा कराकर सड़क से अलग कर किनारे लगाया। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया, हालांकि दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मौके पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा।



स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी मार्ग पर नगर के दो बड़े बड़े स्कूल हैं जहां दिन भर छात्र, छात्राओं का आवागमन रहता है और चौराहे पर अक्सर आवारा जानवर घूमते रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। वहीं महोबा मार्ग पर कुछ ट्रक सड़क के दोनों ओर खड़े रहते हैं जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है इसके पूर्व एक बस बच्ची को बचाने के प्रयास में पेड़ से टकरा गई थी। रहवासियों ने प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा जानकारी मिली है मौके पर जाएंगे और बेतरतीब खड़े ट्रकों को यहां से अलग कराया जाएगा

**अमित मेश्राम**
एसडीओपी नौगांव

## घर में सोते रहे परिजन, चोर दुकान से लाखों का सामान ले गए

छतरपुर।

बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम पीरा में अज्ञात चोरों ने बीती रात बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये नगद व कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।

पीड़ित प्रमोद गुप्ता निवासी पीरा ने बताया कि उन्हें दुकान का सामान खरीदने के लिए छतरपुर जाना था, इसीलिए उन्होंने करीब 3 लाख रुपये नगद दुकान की गोलक में रख दिए थे। इसके साथ ही दुकान के पीछे बने कमरे में करीब 2 किलो चांदी व 3 तोला सोना भी रखा था। रात में परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सो रहे थे, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने सटर उठाकर दुकान में घुसकर वारदात को अंजाम दिया और लाखों का माल समेट ले गए। घटना की सूचना पर बमीठा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



## छतरपुर से गया निवासी युवक लापता, परिवार परेशान



छतरपुर।

*जिला गया (बिहार) के थाना डेल्हा निवासी रवि कुमार बीती 26 जुलाई को छतरपुर बस स्टैंड से अचानक लापता हो गया। परिजनों के मुताबिक वह अपने पूरे परिवार के साथ बस स्टैंड पर मौजूद था और घर जाने की तैयारी में था, तभी अचानक गायब हो गया। परिवार के लोगों ने इसकी शिकायत सिटी कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बस स्टैंड पर लगे सीसीटीवी कैमरे में युवक दिखाई दिया है, जिसके आधार पर पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। परिवारजन युवक की सुरक्षित वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं।*

## उत्कृष्ट विद्यालय में हुई मानक लेखन प्रतियोगिता, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

बक्सवाहा।

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बक्सवाहा में एलईडी बल्ब विषय पर मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत सांविधिक निकाय भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), शाखा भोपाल के बीआईएस क्लब एससी-2279 के तत्वावधान में संपन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पवन कुमार राय ने मां सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित कर किया। प्रतियोगिता में क्लब के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी लेखन दक्षता का प्रदर्शन किया। मूल्यांकन कार्य उमराव पटेल, दुर्गा प्रसाद साहू, राकेश यादव एवं अंकित जैन के सहयोग से किया गया। परिणामस्वरूप सुरेंद्र यादव ने प्रथम, राजन अहिरवार ने द्वितीय, शुभम अहिरवार ने तृतीय एवं रोहित अहिरवार ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए, वहीं अन्य सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र दिए गए। प्रतियोगिता का सफल संयोजन एवं निर्देशन बीआईएस क्लब की संयोजक एवं मेंटर हिना अली ने किया।



## चंदला के बस स्टैंड में नहीं है मूलभूत सुविधाएं, यात्री परेशान

छतरपुर

जिले के चंदला बस स्टैंड में मूलभूत सुविधाएं न होने की वजह से यहां से सफर करने वाले यात्रियों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। चंदला के अंतर राज्यीय बस स्टैंड से छतरपुर, महोबा, पन्ना, बांदा, आगरा, दिल्ली के लिए रोजाना 40 से 50 बसें आना-जाना करती हैं जिसमें हजारों मुसाफिर अपने गंतव्य के लिए रवाना होते हैं मगर देखा जाए तो यहां से सफर करने वाले यात्रियों को कोई भी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती, यहां से सफर करने वाले यात्रियों को दुकानों के बाहर अपना सामान रखकर अपनी बसों का इंतजार करना पड़ता है।



ऐसा नहीं है कि जिम्मेदारों को इस पूरे मामले की जानकारी नहीं है मगर चंदला के स्थानीय नेता व नगर परिषद के जिम्मेदार कर्मचारी इसे देखकर भी अनदेखा किए हुए हैं। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी चंदला बस स्टैंड में यहां से सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं किया जा सका।

वहीं जब इस पूरे मामले को लेकर आज चंदला नगर परिषद में पदस्थ सब इंजीनियर विपिन अग्निहोत्री से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। दुबे कंट्रक्शन को 32 लाख का टेंडर मिला है वित्तीय स्वीकृति अभी लंबित है जो जल्द ही आगामी परिषद की बैठक में पूर्ण की जाएगी और जल्द ही बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा ताकि यहां से सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी ना हो सके।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना दिवस मनाया गया

**छतरपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न एवं सूचना क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती को कांग्रेसजनों ने सद्भावना दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। वक्ताओं ने राजीव गांधी को आधुनिक भारत का शिल्पकार बताते हुए कहा कि उन्होंने देश को सूचना क्रांति, दूरसंचार, पंचायती राज और युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में मताधिकार दिलाने जैसे ऐतिहासिक कार्य किए। राजीव गांधी हमेशा सद्भावना, प्रेम और भाईचारे के पक्षधर रहे और देश की एकता व अखंडता के लिए उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कांग्रेसी नेताओं ने संकल्प लिया कि राजीव गांधी के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए वे उनके दिखाए मार्ग पर चलेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस सचिव अनीश खान, कार्यालय प्रभारी श्रवण लाल मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी परमानंद विश्वकर्मा, जिला कांग्रेस प्रवक्ता संतोष तिवारी, आईटी सेल प्रदेश उपाध्यक्ष दीपांशु यादव सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**आओ मलेरिया से मुक्ति पाएं सोते समय मच्छरदानी लगाएं**

## सीएमएचओ ने मलेरिया कार्यकर्ताओं को हरी झंडी दिखाकर समस्त वार्डों में जन जागरूकता हेतु किया रवाना

**छतरपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के निर्देशानुसार विश्व मच्छर दिवस पर जिले के समस्त ब्लॉकों में विश्व मच्छर दिवस पर मलेरिया से बचाव के लिए विभिन्न जागरूक कार्यक्रम के निर्देश हैं। जिसमें जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मलेरिया रैली एवं आशाओं, एम.डब्ल्यू., ए.एन.एम. को मलेरिया से निपटने हेतु आवश्यक जानकारी दी जा रही हैं। जिससे वो अपने ग्रामों को मलेरिया से मुक्त कर सकें।**



विश्व मच्छर दिवस पर बुधवार को छतरपुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी डॉ. आर.पी. गुप्ता ने मलेरिया कार्यकर्ताओं को हरी झंडी दिखाकर समस्त वार्डों में प्रचार प्रसार के लिए भेजा गया। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. गौरव खरे एवं सहायक मलेरिया अधिकारी एस.एल. अहिरवार, जे.एम.आई. दिनेश कुमार पटैरिया एवं समस्त मलेरिया एवं फाईलेरिया स्टाफ उपस्थित रहा। इसी प्रकार समस्त ब्लॉकों में मलेरिया निरीक्षक के द्वारा स्कूल, छात्रावास में विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर मच्छर से बचाव के लिए घर के आस पास साफ सफाई रखने की सलाह दी गई। एवं पानी में लार्वा की पहचान आम जनता को वर्षा ऋतु में सावधानी एवं बचाव के सबंध में जानकारी भी दी गई। और घरों के आस पास बरसात का पानी जमा न करने की भी सलाह दी।

### मलेरिया से बचाव के उपाय -

घर के छत पर रखे मटके, गमले, बेकार टायर, फूल दान, आदि को उल्टा करके रखें, सप्ताह में एक बार घर के कूलर, पानी की टंकी, मटके, हौदी का पानी खाली करके सुखाकर पुनः भरें, घर के आस पास जमा पानी में जला हुआ ऑयल डालें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, सोते समय पूरी बाहों के कपड़े पहनें, किसी भी व्यक्ति को बुखार आने पर अपनी जॉच कराएं एवं निःशुल्क उपचार पाएं, उपचार की सुविधा समस्त शासकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क की जाती है, खाली पेट दवा का सेवन न करें। मलेरिया का उपचार एवं जॉच सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क की जाती है।

## थाना परिसर में चार दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव संपन्न

छतरपुर।

थाना परिसर बमीठा में आयोजित चार दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया, द्वितीय दिन जवाबी लोकगीत, तृतीय दिन लोकगीत तथा चतुर्थ दिन भजन संध्या समारोह का आयोजन किया गया।



समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव एवं राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान भैया मोनू यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र अवस्थी, सरपंच सनत मंजू जैन, भाजपा नेता सोनू नगरिया, मुन्ना महाराज, मनोज शर्मा, दीपक अग्निहोत्री, मलखान कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य पप्पू पाल सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत माला व श्रीफल भेंट कर किया गया। साथ ही सरपंच, समाजसेवी, भाजपा नेता एवं पत्रकारों को भी मंच से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक ललिता यादव ने कहा कि बमीठा में भक्तिमय वातावरण में श्रीकृष्ण भक्ति के मधुर भजनों ने सभी को भावविभोर कर दिया। उन्होंने जानकारी दी कि छतरपुर में 31 अगस्त को मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित होगा और सभी नागरिकों से उसमें शामिल होने की अपील की। वहीं विधायक अरविंद पटेरिया ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भक्ति, सद्भावना और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। उन्होंने नई समिति की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि अगर कहीं कोई कमी रह गई हो तो सभी लोग अपने सुझाव दें ताकि अगले वर्ष आयोजन और भी बेहतर हो।

समारोह में खजुराहो एसडीओपी मनमोहन बघेल एवं बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष सिंह श्रोत्रिय भी मौजूद रहे। समापन कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और देर रात तक भजनों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## मुख्यमंत्री द्वारा छतरपुर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ.को किया गया सम्मानित

### आकांक्षी जिला अतंर्गत संपूर्णता अभियान में हुआ उत्कृष्ट कार्य

छतरपुर।

नीति आयोग अंतर्गत शुरू किए गए सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम के तहत छतरपुर जिले में उत्कृष्ट कार्य होने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सम्पूर्णता अभियान 01 जुलाई 2024 से 30 सितम्बर 2024 के मध्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित 6 प्रमुख संकेतकों को संतृप्त करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों के कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायतों को सम्मानित किया गया। छतरपुर जिले में नीति आयोग अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान के दौरान आकांक्षी विकासखंड बकस्वाहा एवं आकांक्षी जिला छतरपुर द्वारा 03 से अधिक संकेतकों में संतृप्ति प्राप्त की गई। जिसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छतरपुर तपस्या परिहार को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



इसके अतिरिक्त छतरपुर जिले से महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी बकस्वाहा हेमलता ठाकुर, अभिषेक शुक्ला, विकासखंड प्रबंधक एसआरएलएम. बकस्वाहा तथा सीता मिश्र ए.एन.एम उप स्वास्थ्य केन्द्र पडरिया विकासखण्ड ईशानगर को भी सम्मानित किया गया।

## पशु चिकित्सालय में डॉक्टर नदारद, बेजुबानों के इलाज पर संकट



**बकस्वाहा।** नगर का पशु चिकित्सालय एक बार फिर सवालों के घेरे में है। डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण यहां बेजुबान पशुओं का इलाज ठप पड़ा हुआ है। अस्पताल में न तो डॉक्टर मिलते हैं और न ही कोई जिम्मेदार कर्मचारी, स्थिति यह है कि पूरा परिसर सुनसान पड़ा दिखाई देता है।

किसानों का कहना है कि वे कई बार अपने बीमार पशुओं को लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी न डॉक्टर मिले और न ही दवा-इंजेक्शन। मजबूरी में उन्हें बिना उपचार कराए ही अपने पशु घर ले जाना पड़ता है। कई बार तो समय पर इलाज न मिलने से इन बेजुबानों की मौत तक हो जाती है। इस लापरवाही पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की टीम ने कड़ी नाराजगी जताई है। संगठनों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि अस्पताल में नियमित रूप से डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और पशुओं का जीवन बचाया जा सके। ग्रामीणों का आरोप है कि डॉक्टर फ्री में वेतन तो उठा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारी निभाने की बात आती है तो अस्पताल खाली पड़ा रहता है। अब सवाल यह है कि आखिर प्रशासन कब इस समस्या का स्थायी समाधान करेगा।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने 5 जनपदों के सीईओ को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में टीआरएस कॉलेज रीवा में रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में 1002 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 12 कंपनियों ने 669 युवाओं का चयन किया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में भारत फ्यूचर माइंड्स इनोवेशन प्रा. लि. गाजियाबाद ने 34, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ ने 50, आमधनी धूत ट्रांसमिशन औरांगाबाद ने 28, आमधनी प्रा. लि. (एमआरएफ टायर्स) गुजरात ने 29, मिग्मा पैकट्रॉन प्रा. लि. इंदौर ने 34, भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा ने 03, प्रभा बायोप्लांटस प्रा. लि. रीवा ने 100, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा ने 27, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा ने 80, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा ने 177, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल ने 24 तथा बजाज अलियाज प्रा. लि. रीवा ने 83 युवाओं का चयन किया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय तथा टीआरएस कॉलेज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पैसा दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी, रीवा में शातिर ठग गिरफ्तार

**रीवा।** शहर में एक साल में पैसा दोगुना करने का लालच देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। सिविल लाइन पुलिस से मिली जानकारी के ुताबिक क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले शातिर ठग को पकड़ा गया है। पीड़ितों की माने तो इस शातिर ठग ने रीवा और सतना सहित प्रदेश के कई जिलों में लोगों को झांसा देकर करोड़ों की ठगी का शिकार बनाया है। पैसा दोगुना करने का झांसा देकर ठगी का शिकार करने वाले ठग अमित कुमार साकेत गोविंदगढ़ का निवासी है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

# आदिवासी ग्रामीण समुदाय को भूमिका निर्वहन एवं विकास के लिये प्रोत्साहित कर सशक्त बनाने में सहभागी बनें - कलेक्टर

**रीवा ।** जनजातीय विकास परिवर्तन के लिये व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आदि कर्मयोगी अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शुभारंभ किया। म.प्र. पर्यटन निगम के विन्ध्या रिट्रीट होटल में आयोजित आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि आदिवासी ग्रामीण समुदाय को भूमिका निर्वहन एवं विकास के लिये प्रोत्साहित कर सशक्त बनाने में सहभागी बनें। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षकों को विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर योजनाओं को क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षित करें ताकि गांव के लोग यह सोचे कि उन्हें उनके गांव के विकास, युवाओं एवं बच्चों के गुणात्मक सुधार में प्राथमिकता तय कर सकें। उन्होंने अपेक्षा की कि संबंधित विभागीय प्रशिक्षकों से दिये जाने वाले प्रशिक्षण को तन्मयता एवं एकाग्रता से ग्रहण करें ताकि निचले स्तर तक बात को पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आदि कार्य योगी योजनान्तर्गत जनजातीय गांव के प्लान, वहां की आवश्यकता एवं प्राथमिकता के अनुरूप निर्धारण के उद्देश्य से संचालित कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनजातीय ग्रामों के विकास में योगदान देने के लिये



कर्मयोगी किसी भी स्वरूप में अपनी सहभागिता निभा सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि यह महत्वाकांक्षी अभियान जनजातीय ग्रामों के विकास एवं व्यक्तियों का नेतृत्व निर्माण कर समाज व देश की मुख्य धारा से जोड़ने में सहायक होगा। जिला स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त कर मास्टर ट्रेनर्स विकासखण्ड व ग्राम स्तर पर मांग की पहचान कर तथा जनजातीय आवाज का एकीकरण कर मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र में अथाह भण्डार हैं मगर उनका प्रदर्शन व लाभ नहीं मिल पाने से दोहन नहीं हो पाता। आदि कार्ययोगी अभियान सामुदायिक नेतृत्व का अभियान है जिसके माध्यम से समुदाय का विकास होगा।

इससे पूर्व जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग मंगलेश्वर सिंह ने बताया कि इच्छाशक्ति व समर्पण भाव से प्रशिक्षण प्राप्त करें। स्वास्थ्य, शिक्षा, पीएचई, वन, ग्रामीण विकास विभाग के प्रशिक्षक जनजातीय ग्रामों व समुदाय के विकास के संबंध में प्रशिक्षण देंगे। रीवा एवं मऊगंज जिले के 424 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में कार्य की रणनीति बनाकर समग्र विकास का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश येंगल ने किया। भोपाल के जनजातीय कार्य विभाग के प्रशिक्षक विनोद शर्मा ने आभार ज्ञापित किया। इस दौरान प्रशिक्षक तथा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ हुआ दीक्षारंभ

**एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में विशेषज्ञ व्याख्यान, मेडिटेशन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ और प्रतियोगिताएं शामिल**



**रीवा ।** रीवा इंजीनियरिंग महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए 19 अगस्त से 25 अगस्त तक एक सप्ताह चलने वाले स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम दीक्षारंभ ( एस आई पी 2025) कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ आर पी तिवारी की अध्यक्षता एवं सभी संकायों के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में आयोजित हुआ ।समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं नवप्रवेशित छात्र छात्राओं के स्वागत के साथ हुआ । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. पी. तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज का छात्र होना केवल एक पहचान नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी भी है कि वे समाज और राष्ट्र निर्माण में तकनीकी योगदान दें। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था का मूल्यांकन उसकी फैकल्टी और अधोसंरचना के साथ-साथ सबसे अधिक उसके विद्यार्थियों और उनके समाज में योगदान से होता है। डॉ. तिवारी ने कॉलेज के पूर्व छात्रों की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि वे संस्था के विकास से गहराई से जुड़े रहते हैं और वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। महाविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं दीक्षारम्भ कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. संदीप पांडेय ने स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए छात्र छात्राओ को आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व निर्माण के साथ लगनशील होकर अपने भविष्य को उज्वल बनाने के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की बात कही । महाविद्यालय के अधिष्ठाता अकादमिक डॉ. डी. के. जैन ने छात्रों को समर्पण और ईमानदारी को जीवन की सफलता का आधार बनाने की प्रेरणा दी । समारोह को विभागाध्यक्ष मैकेनिकल डॉ. पंकज श्रीवास्तव , विभागाध्यक्ष रसायन डॉ मनोज सोलंकी, विभागाध्यक्ष विद्युत प्रो जी आर कुमरे, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो यशवंत गोस्वामी ने भी संबोधित किया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा एस आई पी के सह संयोजक डॉ. बी. आर. घोरमारे , प्रो एम एस मंडलोई सहित दीक्षारंभ आयोजन समिति के सभी प्राध्यापक , सीनियर छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। दीक्षारंभ के साप्ताहिक कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संस्थान के विभिन्न विभागों से परिचित कराने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास एवं मानसिक–बौद्धिक संवर्धन हेतु अलग-अलग विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान, सहज योग ,मेडिटेशन, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी ।

## बेटी को स्कूल छोड़ने जा रहे पिता की दर्दनाक मौत, तेज रफ्तार बाइक ने छीन ली जिंदगी

### बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के दोहा मोड़ पर हुआ हादसा, युवती सहित दो घायल




**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दोहा मोड़ के पास एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। स्कूल जा रही बेटी को बाइक से छोड़ने निकले पिता की एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में छात्रा सहित दूसरा बाइक सवार भी घायल हुआ है, दोनों का इलाज संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बेलवा बड़गैयान निवासी वरुणेंद्रधर द्विवेदी (50) अपनी 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली बेटी रिया को बाइक से स्कूल छोड़ने जा रहे थे। जैसे ही वे दोहा मोड़ के पास पहुंचे, सामने से तेज गति में आ रही एक अन्य बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वरुणेंद्रधर द्विवेदी सड़क पर दूर जा गिरे और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं।स्थानीय लोगों की मदद से घायल पिता और बेटी को तत्काल संजय गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने वरुणेंद्रधर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनकी बेटी रिया द्विवेदी को प्राथमिक उपचार के बाद निगरानी में रखा गया है। उसके सिर व पैर में चोटें आई हैं, लेकिन हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।हादसे में टक्कर मारने वाला युवक सचिन साकेत, निवासी ग्राम जोरउठ, थाना मंनगवां भी घायल हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, हादसे के समय सचिन नशे की हालत में था और लापरवाहीपूर्वक तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था। पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर लिया है, मृतक के परिजनों का आरोप है कि अगर सामने से आ रहा बाइक सवार नियंत्रित रफ्तार में होता तो यह हादसा टाला जा सकता था। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि दोहा मोड़ पर वाहनों की गति पर नियंत्रण रखने के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है, जिससे इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं।

## पुलिस ने नशीली कफ सिरप व कैप्सूल बेचते वाली महिला को किया गिरफ्तार



**रीवा।** शहर की सिटी कोतवाली पुलिस ने भी कबाड़ी मोहल्ले में दबिश देकर एक महिला को अवैध नशीली कफ सिरप, कैप्सूल, टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के कब्जे से पुलिस ने करीब 18 हजार रुपए की अवैध नशीली कफ सिरप सहित दवाईया जब्त की है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को कबाड़ी मोहल्ला वार्ड क्रं. 19 में एक गिरा हुआ खण्डहर मकान के पास एक लड़की को पकड़ा जो हाथ में पीले रंग का झोला लिए थे, पुलिस ने महिला के छोले की तलाशी ली तो उसमे नशीली कफ सिरप व गोलिया बरामद हुई। सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले में आंचल लोनिया पिता बुध्दा लोनिया 23 वर्ष निवासी कबाड़ी मोहल्ला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## समग्र ई केवाईसी कार्य में लापरवाही बरतने पर जारी किया गया नोटिस

**रीवा।** समग्र ई-केवाईसी का शत-प्रतिशत कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन पाँच जनपदों में इस लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सका। जबकि हर टीएल बैठक में इस संबंध में कई बार अधिकारियों को निर्देशित किया गया। फिर भी अधिकारियों द्वारा समग्र ई केवाईसी में रूचि नहीं ली गई। इसे अत्यंत खेदजनक, सौंपे गए दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता मानते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करना होगा। समय सीमा में समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर एक तरफा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। कलेक्टर ने जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अलग-अलग जारी नोटिस में कहा है कि जनपद स्तर पर समग्र रजिस्टर को अद्यतन रखने का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का है। समग्र ई केवाईसी पूर्ण न होने से आमजन को शासन की योजनाओं से वंचित होना पड़ रहा है साथ ही सीएम हेल्पलाइन में समग्र से संबंधित शिकायतें बढ़ रही हैं। कलेक्टर ने जनपद पंचायत जवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुलाभ सिंह पुशाम को 43 प्रतिशत लोगों की समग्र ई केवाईसी तथा समग्र से संबंधित 38 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित रहने पर नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने जनपद पंचायत सिरमौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिश्चन्द्र द्विवेदी, त्योंथर प्रवीण बंसोड, गंगेव प्राची चौबे तथा जनपद पंचयत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार सिंह को भी नोटिस जारी किया है। कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस के अनुसार जनपद पंचायत सिरमौर में 28 प्रतिशत लोगों की समग्र ई केवाईसी तथा समग्र से संबंधित 31 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित हैं। जनपद पंचायत त्योंथर में 38 प्रतिशत लोगों की समग्र ई केवाईसी तथा 28 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित हैं। वहीं जनपद पंचायत गंगेव में 40 प्रतिशत लोगों की समग्र ई केवाईसी तथा 41 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित हैं। जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में 39 प्रतिशत लोगों की समग्र ई केवाईसी और समग्र से संबंधित 79 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित हैं। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## लग्जरी कार में ले जाई जा रही थी नशीली कफ सिरप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### मेहसुआ में रायपुर कर्चुलियान पुलिस की कार्रवाई, 1800 शीशी सिरप व वाहन जब्त

**रीवा।** रीवा पुलिस ने नशे के खिलाफ अपने अभियान को धार देते हुए मंगलवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल की। रायपुर कर्चुलियान थाना पुलिस ने मेहसुआ ओवरब्रिज के समीप घेराबंदी कर नशीली कफ सिरप की एक बड़ी खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, आरोपियों के पास से करीब 3.51 लाख रुपए मूल्य की 1800 शीशियां कफ सिरप बरामद की गई हैं, जो कार की डिक्की में छिपाकर ले जाई जा रही थीं। बता दे आरोपि एक होंडा कार में सवार होकर बनारस से सतना की ओर जा रहे थे। मुखबिर के सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अतुल त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने मेहसुआ ओवरब्रिज के पास नाका बंदी कर वाहन को रोका और तलाशी के दौरान 15 पेटियों में भरी नशीली कफ सिरप बरामद की। बरामद सिरप का बाजार मूल्य करीब साढ़े तीन लाख रुपए आंका गया है।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दीपक पांडे (28 वर्ष), निवासी प्रेमनगर, थाना सिटी कोतवाली, जिला सतना और अमित तिवारी (27 वर्ष), निवासी ग्राम सेमरी बैस, थाना देवेंद्रनगर, जिला पन्ना के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और संभावना जताई जा रही है कि इनके पीछे एक बड़ा गिरोह सक्रिय हो सकता है। पुलिस ने जब्त नशीली कफ सिरप व कार को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडी पीएस) एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है, जिसमें सप्लाई चेन व नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

### पुलिस की सख्ती के बावजूद नहीं थम रहा नशे का कारोबार

पिछले एक माह में जिले में नशीली कफ सिरप की तस्करी के कई मामले सामने आए हैं। इसके बावजूद तस्कर लगातार नए रास्तों और तरीकों से इस अवैध कारोबार को अंजाम देने की कोशिश कर रहे हैं। रीवा जोन के आईजी और एसपी विवेक सिंह के निर्देशन में पुलिस ने नशे के खिलाफ मुहिम को तेज कर दिया है। लगातार हो रही कार्रवाई के बावजूद तस्कर रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

## हनुमना वेयर हाउस में खाद पर हंगामा, किसानों ने सड़क पर लगाया जाम

**मऊगंज।** जिले में यूरिया खाद की किल्लत अब किसानों के गले की फांस बन चुकी है। हालात मंगलवार को उस समय बिगड़ गए जब हनुमना वेयरहाउस पर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। सुबह से खाद की उम्मीद में लाइन में लगे किसान दोपहर तक निराश होते रहे। भीड़ बढ़ी तो अफरातफरी और झूमाझटकी की नौबत आ गई। स्थिति बिगड़ती देख कर्मचारियों ने गोदाम में ताला लगा दिया और मौके से भाग खड़े हुए। इसके बाद गुस्साए किसानों ने नगर की मुख्य सड़क पर चक्काजाम कर दिया, जिससे घंटों यातायात बाधित रहा।





### सुबह से लाइन, शाम तक निराशा

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह होते ही किसान यूरिया खाद लेने वेयरहाउस पहुँच गए। धान की फसल में खाद डालने का समय निकल रहा है, ऐसे में किसान हर हाल में खाद चाहते थे। सुबह से ही सैकड़ों किसान लाइन में खड़े रहे, लेकिन दोपहर तक वितरण शुरू न होने पर आक्रोश बढ़ गया। कई किसानों ने कहा कि वे लगातार चार–पाँच दिनों से लाइन में लग रहे हैं, फिर भी हर बार खाली हाथ लौटना पड़ता है।*बुजुर्ग किसान से अभद्रता, वीडियो वायरल*सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने इस पूरे मामले को और तूल दे दिया। वीडियो में एक बुजुर्ग किसान से मारपीट और गला पकड़कर घसीटने की घटना कैद हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि किसान को धक्का देने वाला व्यक्ति कैलाश तिवारी नामक शख्स है, जो खुद को भाजपा नेता और समिति का खाद प्रभारी बताता है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि समिति परिसर में दलाल सक्रिय हैं और खाद खुलेआम ब्लैक में बेची जा रही है।*झूमाझटकी के बाद बंद हुआ गोदाम*खाद वितरण न होने पर जब किसानों ने सवाल उठाए तो अफरा–तफरी मच गई। झूमाझटकी की स्थिति बनी और कर्मचारी शटर गिराकर मौके से भाग निकले। इसके बाद कई घंटे तक किसान इंतजार करते रहे। शाम होते-होते गुस्साए किसानों ने नगर परिषद चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान महिलाएं भी मोर्चे पर डटी रहीं। कई बुजुर्ग किसान सड़क पर बैठ गए तो कुछ महिलाएं बच्चों के साथ कतार में खड़ी रहीं।

**मौके पर पहुंचे अधिकारी, आश्वासन के बाद खुला जामः** जाम की सूचना पर एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी और टीआई अनिल काकडे पुलिस बल के साथ पहुँचे। अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि खाद की आपूर्ति बढ़ाई जाएगी और अनियमितता की जांच होगी। देर शाम किसानों ने जाम हटाया और यातायात बहाल हुआ।

### नईगढ़ी में भी ब्लैक का खेल

इधर, नईगढ़ी थाना क्षेत्र के बहुती में भी खाद ब्लैक में बिकने का मामला सामने आया। समिति के लिए जा रहा एक ट्रक सुनसान जगह पर रुककर खाद बेचने लगा। जब तक किसानों को भनक लगी, तब तक 31 बोरी खाद ब्लैक में बिक चुकी थी। बाद में किसानों ने ट्रक को घेरकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया।*किसानों का आरोप— बाजार में मिल रही खाद, समितियों में खालीपन*किसानों का कहना है कि ट्रकों से खाद जिले में आती है, लेकिन समितियों तक नहीं पहुँचती। वहीं व्यापारियों की दुकानों पर यह ऊँचे दामों पर आसानी से मिल रही है। किसान वीरेंद्र मिश्रा का कहना है कि बाजार में तो खाद उपलब्ध है, लेकिन समितियों में किसान खाली हाथ लौटते हैं। नकली खाद भी ऊँचे दामों पर बिक रही है। किसानों का आरोप है कि यह सीधी–सीधी कालाबाजारी है और इसमें समिति प्रबंधन की मिलीभगत है।

### कलेक्टर ने कहा

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि डबल लॉक सेंटर पर भीड़ अधिक हो गई थी। इसी कारण पर्ची सिस्टम लागू किया गया और चार अतिरिक्त काउंटर भी खोले गए। इस बीच कुछ लोग लाइन तोड़कर आगे जाने लगे और माहौल तनावपूर्ण हो गया। लेकिन तुरंत राजस्व अमला, तहसीलदार, पुलिस बल और एसडीएम मौके पर पहुँच गए। एसपी आर.एस.एस. प्रजापति भी वहाँ पहुँचे और स्थिति को नियंत्रित किया। अब सब कुछ सामान्य है और खाद का वितरण व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है।

### बड़ा सवाल— आखिर खाद कहां जा रही है?

मऊगंज जिले में खाद संकट लगातार गहराता जा रहा है। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नृपेन्द्र सिंह पिंटू ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि किसान अपनी ही फसल बचाने के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। सवाल यही है कि जब ट्रकों से खाद जिले में आ रही है, तो यह किसानों तक क्यों नहीं पहुँच पा रही? समितियों में कमी और बाजार में भरमार— यह तस्वीर सीधे–सीधे भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है।फिलहाल, हनुमना वेयरहाउस का यह हंगामा जिले में खाद संकट की असल तस्वीर पेश करता है। किसानों की फसलें सूख रही हैं और उनका सब्र अब टूटने लगा है। अब देखने वाली बात यह है कि सरकार और प्रशासन वक्त रहते ठोस कदम उठाते हैं या किसान यूँ ही लाइन में धक्के खाते रहेंगे।

## मऊगंज में खाद संकट को लेकर कांग्रेस के पूर्व विधायक ने दी आंदोलन की चेतावनी



**मऊगंज।** जिले में खाद की किल्लत, जले हुए ट्रांसफार्मर और भारी-भरकम बिजली बिल को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को कलेक्टर से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना और हाल ही में नियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीलाल कोल सहित दर्जनभर पदाधिकारी मौजूद रहे।कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर को अवगत कराया कि जिले में किसानों की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। एक ओर खाद की भारी कमी है तो दूसरी ओर आवारा मवेशियों और खराब पड़े ट्रांसफार्मरों के कारण किसानों की खेती प्रभावित हो रही है। बिजली बिलों में भी अत्यधिक राशि वसूली जा रही है जिससे किसान त्रस्त हैं।कलेक्टर से मुलाकात के बाद पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने कहा, "आज हालात इतने खराब हैं कि किसान पैसे लेकर भी खाद के लिए तड़प रहा है। पहले सोसाइटियों में आसानी से खाद मिल जाती थी लेकिन अब किसान एक-एक बोरी के लिए परेशान है। बीते 20 सालों में किसानों की ऐसी दुर्दशा नहीं देखी गई।"उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार किसानों, युवाओं और आम जनता की समस्याओं को अनदेखा कर रही है। "यह वोट चोरी की सरकार है, ईवीएम की सरकार है। जबसे भाजपा सत्ता में आई है, हर वर्ग की हालत खराब हो गई है। न खाद है, न ट्रांसफार्मर, ऊपर से भारी बिजली बिल – आखिर किसान जिए कैसे?"कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट कहा कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर जन आंदोलन करने को बाध्य होंगे।